## खबर संक्षेप



### अमित कुमार ने जीती फुल मैराथन

**चंडीगढ़।** न्यू चंडीगढ़ मैराथन (रन फॉर पंजाब) का आयोजन रविवार को सफलतापूर्वक किया गया। इस मैराथन का उद्देश्य पंजाब और चंडीगढ़ कैपिटल रीजन में स्वास्थ्य, फिटनेस और मजबूत खेल संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। फुल मैराथन में अमित कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। अमित प्रथम उपविजेता रहे, जबकि अनमोल चंदन द्वितीय उपविजेता रहे। महिला वर्ग में पूनम राणा विजेता रहीं, पूनम देसवाल्रथम उपविजेता और शिवानी लोहत द्वितीय उपविजेता रहीं।

### स्कूलों के नए भवन बनवाए जाएंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सरकार द्वारा भविष्य में प्रदेश में शिक्षा पर और ध्यान दिया जाएगा। इस प्लान में उन सभी स्कूलों में नए भवन बनवाए जाएंगे जहां जरूरत होगी। आगामी दो साल में जहां भी जमीन उपलब्ध होगी वहां महिलाओं के लिए चौपाल बनवाई जाएंगी।

### विधवा महिलाओं को मिलेगा तीन लाख का ऋण

**पंचकूला।** उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतू बैकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक के ऋण दिलाने की योजना शुरु की है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पहल जरूरी : गोयल

**चंडीगढ़।** स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सहभागिता को समर्पित क्लीन एंड ग्रीन फरीदाबाद पहल सेक्टर 21ए में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आरडब्ल्यूए 21ए ईस्ट और रोटरी क्लब के सहयोग से आयोजित इस पहल को मदरसन ग्रुप के सीएसआर सहयोग से समर्थन प्राप्त हुआ तथा इसका क्रियान्वयन इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सर्वोदय हेल्थकेयर के सीएसआर भाग सर्वोदय फाउंडेशन सहित विभिन्न रोटरी क्लबों का सक्रिय सहयोग मिला। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

### कांग्रेस के प्रदर्शन से देश में गुस्सा : मित्तल

**पंचकूला।** भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने दिल्ली में आयोजित विश्वस्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट के दौरान कांग्रेस द्वारा किये गए प्रदर्शन पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अर्धनग्न अवस्था में किया गया प्रदर्शन देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर धूमिल करने का घृणित प्रयास है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की इस हरकत से देश के नागरिकों में गहरी नाराजगी है।

# भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के दावेदारों पर की चर्चा, जल्द फाइनल पैनल तैयार होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भाजपा ने राज्यसभा चुनाव और शहरी निकाय चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। निकाय चुनाव से पहले दो सीटों पर राज्यसभा चुनाव होने हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए दावेदारों के नामों पर चर्चा कर ली है। लेकिन नामों का फाइनल पैनल तैयार करने के लिए जल्दी ही भाजपा कोर ग्रुप की अगली बैठक होगी। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में हरियाणा भाजपा कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें प्रदेश की राजनीतिक और संगठनात्मक रणनीति को लेकर गहन मंथन हुआ। बैठक में आगामी बजट से अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के हरियाणा प्रभारी डा. सतीश पुनिया, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन व शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु समेत करीब डेढ़ दर्जन नेताओं की मौजूदगी में संगठन तथा सरकार के कामकाज की समीक्षा की गई।

■ बैठक में प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु समेत कई बड़े नेता शामिल हुए

## ■ मुख्यमंत्री आवास पर कोर कमेटी की बैठक में पार्टी के दिग्गज नेताओं ने किया मंथन



### मुख्यमंत्री ने बजट को लेकर पार्टी नेताओं से सुझाव मांगे

बैठक में मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दो मार्च को वे साल 2026-27 के लिए भाजपा सरकार का वार्षिक बजट पेश करेंगे। उन्होंने भाजपा कोर ग्रुप के नेताओं से बजट के लिए सुझाव मांगे। भाजपा नेताओं ने जरूरी सुझाव दिए, जिन्हें बजट में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है।

बैठक में शहरी निकाय चुनाव को लेकर चर्चा हुई। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तीन नगर निगमों पंचकूला, अंबाला व सोनीपत समेत सात शहरी निकायों में चुनाव होने हैं। बैठक में हर सूरत में इन शहरी निकायों के चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा की गई।

### किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा की दो राज्यसभा सीटें खाली हो रही

निकाय चुनाव पर चर्चा के तुरंत बाद राज्यसभा चुनाव पर चर्चा हुई। हरियाणा में किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा की दो सीटें खाली हो रही हैं। राज्य में 90 सदस्यीय विधानसभा में विधायकों के संख्या बल के हिसाब से एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। राज्य में भाजपा ने पिछले इतिहास को देखते हुए कांग्रेस के हिस्से वाली एक सीट पर भी निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा करने को लेकर कोर ग्रुप के नेताओं की राय जानी भाजपा कोर ग्रुप मोटे तौर पर इस बात पर सहमत है कि कांग्रेस के हिस्से की सीट पर निर्दलीय दावेदार को समर्थन दिया जा सकता है, लेकिन इसका अंतिम फैसला भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति और संसदीय बोर्ड ही करेगा। पिछले दो चुनाव में भाजपा सुभाष चंद्रा व कार्तिकेय शर्मा को अपना समर्थन देकर कांग्रेस के हिस्से की सीटों पर जीत हासिल करती रही है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लुधियाना में पूर्वांचल सम्मान रैली में बोला हमला

# आप ने पंजाब के लोगों को धोखा दिया वादे नहीं निभाए, सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जनता से जो वायदे किए थे वह 4 साल बीत जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए है। आप ने पंजाब की जनता को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लुधियाना स्थित छठ पूजा मैदान में आयोजित पूर्वांचल सम्मान रैली को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर पूर्वांचल सम्मान रैली के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लुधियाना एक प्रसिद्ध औद्योगिक नगरी है और इस मेहनतकश धरती को मैं शीश नवा कर नमन करता हूं। पंजाब गुरुओं की, पीरों की और वीरों की भूमि है। लुधियाना की इस ऐतिहासिक धरती पर, जिसे पंजाब की औद्योगिक राजधानी और भारत का 'मैनचेस्टर' भी कहा जाता है, मुझे आमंत्रित करने के लिए आप सब का वंदन करता हूं। यह रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परिवर्तन का संदेश है।

■ सीएम बोले, आप सरकार भ्रष्टाचार करने में कांग्रेस से चार कदम आगे

■ पंजाब में परिवर्तन का संदेश लेकर आया हूं : नायब



### पंजाब की जनता ने भाजपा को लाने का मन बनाया

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कांग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों पार्टियां भ्रष्टाचार में लिप्त है। आम आदमी पार्टी तो भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने मन बना लिया है कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनानी है। लोग कांग्रेस और आप को बाहर करने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आम आदमी पार्टी ने चार साल में कुछ नहीं किया। लोगों से झूठ बोला, झूठे सब्जबाज दिखाए। एक भी वायदा पूरा नहीं किया।



### दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को बाहर का रास्ता दिखाया

उन्होंने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया है। इतना ही नहीं केजरीवाल व उसके नेता अपने आपको कट्टर ईमानदारी कहते थे उनका असली चेहरा सारे देश के सामने आया है। केजरीवाल के साथ-साथ उसके नेता जेल में रहे है, इस बात का प्रमाण है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया, जबकि आम आदमी पार्टी ने इस पर अंकुश लगाने की बजाए, उसे बढाया है, चार कदम इनसे भी आगे है। उन्होंने कहा कि पंजाब व हरियाणा का दिल से रिश्ता है।

### दिल्ली के मंगोलपुरी में अंतरराष्ट्रीय सैनी भवन का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को दिल्ली के मंगोलपुरी में अंतरराष्ट्रीय सैनी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस भवन में स्थापित की गई महात्मा बुद्ध, महात्मा ज्योतिराव फुले, माता सावित्री बाई फुले, महाराज शूर सैन की प्रतिमाओं का भी अनावरण किया। उन्होंने सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट को 51 लाख देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले और माता सावित्री बाई फुले ने अंधकार में शिक्षा का दीप जलाया।उन्होंने कहा कि यह समारोह उन विचारों, मूल्यों और आदर्शों का उद्घोष है, जिन्होंने भारतीय समाज को दिशा दी, नई चेतना पैदा की और सामाजिक न्याय, शिक्षा तथा समानता के मार्ग पर आगे बढ़ाया। यह गर्व का क्षण है कि मंगोलपुरी में हमारे महापुरुषों की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। यह उस चेतना को नमन करने का अवसर है, जिसने अंधकार में दीप जलाने का काम किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव और माता सावित्री फुले केवल दो नाम नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति के दो स्तंभ हैं।

■ मुख्यमंत्री ने महापुरुषों की प्रतिमाओं का भी अनावरण किया

### आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी का आरोप

## हरियाणा के युवाओं को पंजाब का बताकर फर्जी ज्वाइनिंग करवा रहे मुख्यमंत्री : ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह पर पंजाब में युवाओं की फर्जी ज्वाइनिंग करवाने का आरोप लगाकर तीखा हमला बोला है। ढांडा ने कहा कि नायब सिंह हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं। ऐसा फर्जीवाड़ा करते वक्त उन्हें कम से कम उस पद की गरिमा का तो ख्याल रखा होता। यह बेहद शर्मनाक है कि पंजाब में भाजपा की जमीन तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह को हरियाणा से युवाओं को ले जाकर वहां पंजाब का युवा बताना पड़ा। अनुराग ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह से सवाल किया कि वे किसे धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे रही है, और दूसरी तरफ अपनी घटिया राजनीति के लिए उन्हीं युवाओं का इस्तेमाल फर्जी इवेंट्स में कर रही है। यह न केवल हरियाणा के युवाओं के साथ धोखा है, बल्कि पंजाब के युवाओं का भी घोर तिरस्कार है। अनुराग ढांडा ने तथ्यों के साथ हमला करते हुए कहा कि पंजाब का कोई भी युवा भाजपा के साथ जुड़ने को तैयार नहीं है, जिसके पीछे कई ठोस कारण हैं। जब पंजाब बाढ़ की त्रासदी झेल रहा था, तब केंद्र की भाजपा सरकार ने पंजाब की मदद करने के बजाय अफगानिस्तान को सहायता भेजी। किसान आंदोलन के दौरान किसानों का अपमान करने का काम किया।

## सीमाओं पर देश के जवान मुस्तैद : शर्मा

**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वीर जवानों के बलिदान और सीमाओं पर मुस्तैद हमारे जवानों की बदौलत हमारा देश सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार निरन्तर जवानों के उत्साहवर्धन एवं उनके प्रति सम्मान को बढाने की दिशा में काम कर रही है। डॉ अरविंद शर्मा ने आज गोहाना विधानसभा में वर्ष 1965 जंग के शहीद लांसनायक हवा सिंह के शहीद स्थल व उनकी आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

## अमित शाह से मिले नायब सैनी



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की। बैठक में दोनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## पीएसआई रवि को राजकीय सम्मान के साथ विदाई

**कैथल।** जिले के गांव क्योड़क के रहने वाले पीएसआई रवि की फरीदाबाद के केमिकल ड्रम ब्लास्ट के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार उनका पार्थिव शरीर गांव क्योड़क में पहुंचा और परिजनों ने प्रशासन की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया। पीएसआई रवि को पुलिस विभाग द्वारा राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। फरीदाबाद के डीजीआई अभिषेक जोरवाल सहित कैथल जिले के हजारों लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की 16 फरवरी को मुजेसर स्थित केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलने पर ड्यूटी ऑफिसर होने के नाते पीएसआई रवि कुमार कश्यप बिना देरी किए सबसे पहले मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए राहत कार्य शुरू करवाया। इसी दौरान अचानक आग ने विस्फोट का रूप ले लिया, जिससे कई लोग झुलस गए। लोगों को बचाने के प्रयास में पीएसआई रवि कुमार भी गंभीर रूप से झुलस गए थे।



### पत्नी सात माह की गर्भवती, हर आंख दिखी नम



हादसे में घायल होने पर पुलिस अधिकारी को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 21 फरवरी को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। रविवार को शहीद पीएसआई रवि कुमार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव क्योड़क में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। रवि 7 महीने की गर्भवती पत्नी का साथ छोड़ गए। गांव के हर व्यक्ति की आंखें नम दिखाई दी।

## पर्ल चौधरी हरियाणा कांग्रेस की महिला प्रदेश अध्यक्ष बनीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने पर्ल चौधरी को महिला कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार शाम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से आदेश जारी किए गए। इससे पहले, सुधा भारद्वाज महिला प्रदेश अध्यक्ष थीं। पर्ल चौधरी ने 2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर पटौदी से चुनाव लड़ा था। हालांकि, यह चुनाव वह भाजपा की बिमला चौधरी से हार गई थीं। पर्ल के पिता स्व. भूपिंदर चौधरी साल 2005 में पटौदी से कांग्रेस विधायक बने थे। पर्ल चौधरी की नियुक्ति पर पार्टी नेताओं ने खुशी जताई है।



### लाखनमाजरा स्पोर्ट्स नर्सरी हादसा मामले में हरियाणा मानव अधिकार आयोग सख्त

नर्सरी में बास्केटबॉल पोल गिरने से नाबालिग खिलाड़ी हार्दिक की जान चली गई थी

# आयोग ने कहा, हादसा प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा, विस्तृत रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने लाखन माजरा, रोहतक स्थित स्पोर्ट्स नर्सरी में बास्केटबॉल पोल गिरने की घटना, जिसमें एक उभरते हुए राष्ट्रीय स्तर के नाबालिग खिलाड़ी हार्दिक की मृत्यु हुई, को अत्यंत गंभीरता से लिया है। आयोग ने अपने आदेश में कहा है तथ्यों के आधार पर यह घटना प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के गंभीर उल्लंघन को दर्शाती है, विशेष रूप से भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदत्त जीवन, सुरक्षा एवं गरिमा के अधिकार का।

आदेश की अनुपालन में उपायुक्त, रोहतक द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में घटना के वास्तविक कारणों, सुरक्षा मानकों के पालन तथा शोक संतप्त परिवार को मुआवजा प्रदान किए जाने के संबंध में कोई ठोस विवरण उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट में केवल बास्केटबॉल स्टेडियम निर्माण के लिए एमपीएलएडीएस पोर्टल से 17. 80 लाख की राशि स्वीकृत किए जाने का उल्लेख है। आयोग ने यह भी पाया कि बीते साल 26 नवंबर को एक जांच समिति गठित की गई थी, किंतु उसकी विस्तृत रिपोर्ट अब तक प्रस्तुत नहीं की गई है। साथ ही, खेल उपकरणों एवं अवसंरचना की सुरक्षा जांच, नियमित निरीक्षण, संरचनात्मक स्थिरता परीक्षण तथा मुआवजा प्रदान करने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में भी कोई स्पष्ट व्यवस्था परिलक्षित नहीं होती। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा के नवीनतम आदेश में कहा है कि हरियाणा राज्य खेलों के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और राज्य सरकार द्वारा खेल अवसंरचना के विकास पर पर्याप्त सार्वजनिक धन व्यय किया गया है। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक धन से निर्मित खेल सुविधाओं की सुरक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है। किसी भी प्रकार की लापरवाही न केवल खेल प्रोत्साहन के उद्देश्य को विफल करती है, बल्कि युवा खिलाड़ियों के जीवन एवं गरिमा को भी संकट में डालती है।

### बास्केटबॉल पोल की मरम्मत न करना गंभीर मामला



आयोग का मत है कि यदि बास्केटबॉल पोल जंग लगा हुआ एवं खतरनाक स्थिति में था तथा बार-बार चेतावनियों के बावजूद उसकी मरम्मत या प्रतिस्थापन नहीं किया गया, तो यह संबंधित अधिकारियों की घोर लापरवाही एवं वैधानिक कर्तव्य में गंभीर चूक को दर्शाता है। राज्य तंत्र की इस प्रकार की निष्क्रियता, जिसके परिणामस्वरूप एक युवा जीवन की क्षति हुई, राज्य के संवैधानिक दायित्व का उल्लंघन है।

### आयोग की सिफारिश

- खेल विभाग के प्रधान सचिव उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करें
- समिति घटना के वास्तविक कारणों का निर्धारण कर संबंधित अधिकारियों/अभियंताओं/ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय करेगी
- यह भी जांच की जाएगी कि स्वीकृत डिजाइन, गुणवत्ता मानकों एवं रखरखाव प्रोटोकॉल का पालन किया गया था या नहीं
- राज्य की सभी स्पोर्ट्स नर्सरियों एवं सरकारी खेल सुविधाओं में सुरक्षा अनुपालन के संबंध में राज्यव्यापी ऑडिट करवाया जाए

सरकार ने दी मंजूरी, पलवल में दो सब स्टेशन और डिपो बनेंगे

# 200 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की मंजूरी अंबाला और हिसार में बनेंगे डिपो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सार्वजनिक परिवहन और ऊर्जा ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक बसों की खरीद और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सरकार की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, इस पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ चार्जिंग सुविधाओं और बिजली आपूर्ति प्रणाली को भी सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने 200 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को स्वीकृति दी है।

■ हिसार और अंबाला डिपो पर 13-13 करोड़ रुपये खर्च होंगे




### नौ शहरों में बिजली सब स्टेशन स्थापित होंगे

इन बसों के लिए हिसार और अंबाला में बस डिपो विकसित किए जाने की योजना है, जिन पर अनुमानित रूप से 13–13 करोड़ रुपये खर्च होने की बात कही गई है। इसके अलावा प्रदेश के नौ शहरों बिजली सब स्टेशन स्थापित करने को भी मंजूरी मिली है, ताकि बढ़ती ऊर्जा मांग और परिवहन जरूरतों को पूरा किया जा सके। परियोजनाओं के तहत पलवल क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से दो सब-स्टेशन और एक बस स्टैंड तैयार करने की योजना भी शामिल है। प्रशासन का मानना है कि इन परियोजनाओं से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने और पर्यावरणीय प्रभाव कम करने में मदद मिल सकती है।इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने को लेकर देश के विभिन्न राज्यों में प्रयास जारी हैं, और इस पहल को उसी दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### थार से बाइक को मारी टक्कर, सात पर केस

**जींद।** गांव लखमीरवाला में रंजिशन थार गाड़ी से बाइक को टक्कर मारने तथा हमला कर दो युवकों को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव लखमीरवाला निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने राशन कोटा के खिलाफ गवाही दी थी। जिसके चलते गांव का ही राजेश उन से रंजिश रखे हुए था। गत 18 फरवरी को वह तलौडा ढाबे पर चाय पी रहे थे तो राजेश एक अन्य के साथ अपनी थार गाड़ी में शराब पी रहा था। उन्हें देख कर आरोपित गाली गलौज करने लगा। हालातों को देखकर वे अपनी बाइक से गांव की तरफ चल पड़े। आरोपित ने उनकी बाइक को टक्कर मारी। जिसमें वे बाल-बाल बच गए।

### खाटू श्याम जा रही बस बाउंड्री पर चढ़ गई

**टोहाना।** पंजाब के लुधियाना से राजस्थान के खाटू श्याम जा रहे श्यामभक्तों की टूरिस्ट बस रविवार अलसुबह टोहाना में हादसे का शिकार हो गई। यह हादसा देर रात करीब 2 बजकर 50 मिनट पर शहीद चौक पर हुआ। बस चौक की बाउंड्री पर चढ़ गई। गनीमत रही कि बस में सवार 60 यात्रियों में से किसी को भी चोट नहीं आई। पुलिस के अनुसार, बस चालक ने बताया है कि बस के आगे पशु आ गया था, उसे बचाने के चक्कर में बस बाउंड्री से टकरा गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। मगर सभी को धीरे-धीरे सुरक्षित बस से नीचे उतार लिया गया।

### धोखाधड़ी मामले में पैक्स प्रबंधक गिरफ्तार

**भूना।** सहकारी समिति में वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव मोचीवाली निवासी रामधारी के रूप में हुई है। हालांकि, मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच अभी जारी है और वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है।

### तस्कर की 19 लाख रुपये की संपत्ति को किया अटैच

**कुरुक्षेत्र।** नशीले पदार्थों की तस्करी से युवाओं के भविष्य को अंधाकरमय बनाया जा रहा है। युवा पहले नशे को शौक के रुप में अपनाते हैं बाद में वह लत बन जाता है। कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल अपराधियों पर नकेल कसते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजने के साथ उनकी 19 लाख की संपति को अटैच कर लिया गया है। ने की कारवाई की जा रही है। आरोपी के पास करीब एक कार स्कॉर्पियो, 10 ग्राम सोना, करीब 47 हजार की नकदी जिसकी कीमत लगभग 19 लाख रुपए की संपति अवैध नशीले पदार्थों को बेचने से जुटाई हुई थी।

### नहर में डूबे दो भाइयों में एक का शव मिला

**यमुनानगर।** बूडिया स्थित पश्चिमी यमुना नहर में पूजा सामग्री विसर्जन के दौरान पांच दिन पहले लापता हुए दो सगे भाइयों उदय और आर्यन में से रविवार को उदय का शव पश्चिमी यमुना नहर सुखपुरा व खुर्दी के बीच पानी से बरामद हुआ है। गोताखोरों की टीम ने शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में भिजवा दिया। शव की पहचान वहां मौजूद उदय की परिजनों ने की।

---

हर रोज बढ़ रहा तापमान, फसल के लिए खतरा, रविवार को राज्य का औसत दिन का तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा

# 17 जिलों में सामान्य से कम बारिश, गेहूं की पैदावार पर पड़ सकता प्रतिकूल असर

**वर्ष 2022 में भी समय से पहले पारा बढ़ने से 10 से 35 तक कम हुई थी पैदावार**

अमरजीत एस गिल ▸▸ रोहतक

एक जनवरी से लेकर रविवार 22 फरवरी तक प्रदेश के 21 में से 18 जिलों में सामान्य से कब बरसात हुई है। जिसका असर गेहूं की पछेती किस्मों की पैदावार पर पड़ सकता है। अगर दिन का तापमान सामान्य की बजाय तेजी से बढ़ेगा तो फिर पैदावार पर असर पड़ना भी लाजिमी है। ध्यान रहे कि वर्ष 2020 की शुरुआत (फरवरी-मार्च) में हरियाणा में समय से पहले और सामान्य से अधिक तापमान दर्ज किया गया था, जो सर्दी खत्म होते ही गर्म मौसम की शुरुआत का संकेत था। फरवरी के अंतिम दिनों में तेज धूप और शुष्क मौसम के कारण दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि देखी गई। अगर पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां अगले दिनों में नहीं होती है तो ये मानकर चलें कि अबकि बार छह साल पहले की तरह ही अगेती गर्मी होगी। अगेती गर्मी की वजह से ही गेहूं की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हरियाणा में 2022 में मार्च महीने में गर्मी जल्दी आने और तापमान में असामान्य वृद्धि के कारण गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ा था। इस भीषण गर्मी से दाने छोटे और कमजोर रह गए, जिससे पैदावार में भारी गिरावट (10 से 35% तक) दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से गेहूं की बालियां भरते समय पड़ी।

**सिंचाई करें किसान**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मुताबिक प्रदेश में गेहूं का कुल रकबा लगभग 60-62 लाख एकड़ (लगभग 24-25 लाख हेक्टेयर) है। इसमें से 30-35 प्रतिशत में अगेती गेहूं है। जबकि बाकी में पछेती किस्में हैं। अब नियमित रूप से तापमान बढ़ रहा है। इसलिए पछेती किस्मों पर इसका सबसे ज्यादा बुरा असर हो सकता है। दिन का पारा अभी जितना कम होगा, उतना ही गेहूं फसल को लाभ मिलेगा। ध्यान रहे कि पिछले दिनों तो अधिकतम पारा 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। ऐसे में कृषि वैज्ञानिकों की किसानों को सलाह है कि वे गेहूं में पानी लगाएं। ताकि दाना की बढ़वार का गर्मी बढ़ने पर भी सही हो। रविवार को दिन का सबसे ज्यादा तापमान पलवल में 29.1 डिग्री सेल्सिययस दर्ज किया गया। जबकि प्रदेश का दिन का औसत तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्यिसस अधिक है।

**फरवरी में में सामान्य से कम बारिश**

जनवरी में तो बरसात कम हुई ही थी। अब फरवरी में उससे भी कम हुई है। कई जिलों के डाटा पर नजर दौड़ाएं तो फरवरी में अभी तक 98 प्रतिशत तक कम बारिश हुई। अंबाला में 83, भिवानी में 80, चरखीदादरी में 78, फरीदाबाद में 89, फतेहबाद में 53, गुरुग्राम में 77, हिसार में 40, झज्जर में 68, जींद में 77, कैथल में 98, करनाल में 95, कुरुक्षेत्र में 68, महेंद्रगढ़ में 61, नूंह में 65, पलवल में 46, पंचकूला में 87, पानीपत में 71, रेवाड़ी में 53, रोहतक में 58, सिरसा में 62 सोनीपत में 87 यमुनानगर में 86 प्रतिशत बारिश अभी तक फरवरी में सामान्य से कम हुई है।

**इनमें सामान्य से कम हुई**

| जिला | बारिश मिमी में | सामान्य | कम % में |
|---|---|---|---|
| चरखीदादरी | 15.5 | 28.3 | 45 |
| फरीदाबाद | 13.2 | 25.3 | 48 |
| गुरुग्राम | 21.7 | 22.4 | 26 |
| हिसार | 17.1 | 19 | 10 |
| झज्जर | 18.5 | 18.9 | 2 |
| जींद | 24.8 | 29.2 | 15 |
| कैथल | 26.6 | 31.3 | 15 |
| करनाल | 29.4 | 43.9 | 33 |
| महेद्रगढ़ | 12 | 20.7 | 42 |
| नूंह | 12.4 | 17.4 | 29 |
| पलवल | 16 | 16.8 | 5 |
| पंचकूला | 48.4 | 60.6 | 20 |
| रेवाड़ी | 15.2 | 18.7 | 19 |
| रोहतक | 21 | 26.6 | 21 |
| सिरसा | 6.7 | 17.8 | 62 |
| सोनीपत | 13.9 | 33.2 | 58 |
| यमुनानगर | 43.2 | 66.7 | 35 |

**साल 2021 में गेहूं पकने के समय अनुकूल नहीं रहा था पारा**

**इनमें सामान्य से ज्यादा**

| जिला | बारिश एमएम में | सामान्य | अधिक % में |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 60.4 | 54 | 12 |
| भिवानी | 23.2 | 20.2 | 15 |
| कुरुक्षेत्र | 56.7 | 33.6 | 69 |

---

सरकारी क्वार्टर में देर रात हुई घटना, पत्नी ने कमरे में पति को लहूलुहान हालत में देखा

# सोनीपत में एएसआई ने की गोली मारकर आत्महत्या

**सर्विस रिवॉल्वर से फायरिंग की, पत्नी किचन में बना रही थी खाना**

- घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, सिटावली गांव के रहने वाले थे जसबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

हरियाणा पुलिस के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) ने सरकारी क्वार्टर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जिस समय यह घटना हुई, उनकी पत्नी किचन में खाना बना रही थी। गोली चलने की आवाज सुनकर पत्नी तुरंत मौके पर पहुंची। पति की कनपटी से खून निकलता देख उसने सिर पर चुन्नी भी बांधी, लेकिन ज्यादा खून बहने के कारण एएसआई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। एएसआई ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से ही खुद को गोली मारी थी। पुलिस टीम ने रिवॉल्वर कब्जे में ले ली है। मृतक जसबीर का बेटा विदेश में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसके लौटने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। फिलहाल सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**कनपटी पर गोली मारी**

एएसआई जसबीर सिंह (45) सोनीपत के सिटावली गांव के रहने वाले थे। शनिवार रात करीब 12 बजे वे ड्यूटी से अपने क्वार्टर पहुंचे। जसबीर के कमरे से अचानक गोली चलने की आवाज आई। पत्नी पहुंचीं, तो जसबीर लहूलुहान हालत में पड़े थे। उनकी कनपटी पर गोली लगी थी।

**टीएसआई संभाल रहे थे जसबीर**



जसबीर सिंह का फाइल फोटो।

जसबीर सिंह मूल रूप से सोनीपत जिले के गांव सिटावली के रहने वाले थे। वे पिछले कुछ समय से सोनीपत पुलिस के पूर्वी जोन में टीएसआई के पद पर तैनात थे। पुलिस विभाग में उनकी छवि एक जिम्मेदार और अनुशासित अधिकारी के रूप में मानी जाती थी। उनके आकस्मिक निधन से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है और साथी पुलिसकर्मी भी स्तब्ध हैं।

**कारणों का अभी पता नहीं**

सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। अधिकारियों का कहना है कि उनकी पत्नी के बयानों और जसबीर के कॉल रिकॉर्ड्स के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। अभी सुसाइड का कारण का पता नहीं चल सका है।

**बेटी शादीशुदा, बेटा विदेश में**

मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। उनकी बेटी की शादी करीब एक वर्ष पहले पुलिस लाइन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में हुई थी। उनका बेटा फिलहाल विदेश में पढ़ाई कर रहा है और पिता की मौत की सूचना उसे दे दी गई है।

**गंभीरता से की जा रही है जांच**

सदर थाना के स्टाफ क्वाटर में एक जसबीर सिंह नाम के अस्सिटेंट सब इंस्पेक्टर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की सूचना मिली थी, उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और उसके बाद ही पता चल पाएगा कि उसकी मौत कैसे हुई उसके परिवार से भी पूछताछ की गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। **-देवेंद्र कुमार, प्रभारी, थाना शहर।**

# गुरुग्राम में रिटायर्ड फौजी ने किया सुसाइड

**लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में करता था नौकरी**

**पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद के कारण परेशान था**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

एक रिटायर्ड आर्मी जवान ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से आत्महत्या कर ली। आर्मी जवान केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में नौकरी करता था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद के चलते मानसिक तनाव में रहता था। मृतक की पहचान खेड़ला गांव निवासी कृष्ण (42 वर्ष) पुत्र मोहन सिंह के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, कृष्ण भारतीय सेना से रिटायर होने के बाद सोहना स्थित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक रूप से परेशान था। रविवार को घरेलू कलह के चलते उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। घटना के बाद परिजन उन्हें सोहना के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी सुखपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं से छानबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस का कहना है हर एंगेल से जांच की जा रही है। इस घटना से परिवार में गहरा दुख है।



कुरुक्षेत्र। पुलिस गिरफ्त में पांचों आरोपित। फोटो : हरिभूमि

**जींद में बदमाशी दिखानी पड़ी भारी**

# मुंह पर पेशाब करने वालों का सिर मुंडवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

शहर थाना सफीदों पुलिस ने बदमाशी दिखाने वाले पांच युवकों गिरफ्तार कर न केवल उनकी हेकड़ी निकाली बल्कि उनका मुडंन भी करवा दिया। युवकों पर रंजिशन फायर कर जानलेवा हमला करने, तीन युवकों को घायल करने तथा घायल एक युवक के मुंह पर पेशाब करने का आरोप है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। रविदास मोहल्ला निवासी नवीन ने गत 19 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया थ कि वह अपने दोस्त रोहित, अजमुद्दीन के साथ हुडा ग्राउंड में खा-पी रहे थे। उसी दौरान डिग्गी मोहल्ला निवासी अरूण अपने साथियों के साथ पहुंचा और तीनों पर रॉड तथा डंडों से हमला कर दिया। उसी दौरान अरूण ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर कर दिया। गोली उसके कान के पास से निकल गई। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। आरोपितों ने उसके मुंह पर पेशाब भी किया। बेसुध होने पर आरोपित उन्हें छोड़ कर फरार हो गए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने नवीन की शिकायत पर अरूण, मोहित, अभिनव, कृष, संजू, निवेश, आजाद के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। शहर थाना सफीदों पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कृष, निवेश, मोहित, रविंद्र, विजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांचों आरोपितों का मुंडन भी करवा दिया। जिसके पीछे मुख्य उद्देश्य बदमाशी दिखाने वालों एक संदेश देना था।

**हमले में प्रयोग कार भी बरामद**

पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। तीन अन्य की तलाश की जा रही है। आरोपितों द्वारा हमले में प्रयोग कार को बरामद कर लिया है। -पूर्णदास प्रभारी शहर थाना सफीदों

---

# युवक ने पिस्तौल के बल पर पेट्रोल पंप के सेल्समैन से 50 हजार रुपये लूटे

**निजामपुर में रात को दिया वारदात को अंजाम सीसीटीवी में वारदात कैद**

**नारनौल।** निजामपुर थाना क्षेत्र में रात के समय एक युवक ने पिस्तौल तान कर पेट्रोल पंप के सेल्समैन से 50 हजार रुपये लूट लिए तथा फरार हो गया। लूट करने की वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। इस बारे में पंप संचालक ने पुलिस में सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पेट्रोल पंप संचालक रतनलाल ने बताया कि उनका गांव दनचोली-धानोता की सीमा पर छिल्लर किसान सेवा केंद्र के नाम से पेट्रोप पंप है। रात करीब साढ़े आठ बजे एक युवक पिस्तौल लेकर पैदल ही पंप पर आया। उस वक्त सेल्समैन लालचंद पंप के बाहर था।



नारनौल। सेल्समैन पर पिस्तौल तानकर अंदर लेकर जाता आरोपित।

युवक आते ही पंप के कार्यालय के अंदर घुस गया। वहां पर कोई नहीं होने के कारण वह वापस बाहर आ गया। जिसके बाद उसने पंप के सेल्समैन लालचंद पर पिस्तौल तान दी। उसने लालचंद को पंप के कार्यालय के अंदर जाने के लिए कहा। मगर लालचंद नहीं गया, तो उसने उसका मोबाइल ले लिया। मोबाइल लेने के बाद वह फिर से कार्यालय के अंदर गया। वहां से बाहर निकला और सेल्समैन पर फिर से पिस्तौल तानते हुए उसको जबरदस्ती कार्यालय के अंदर तक ले गया। वहां से उसने लालचंद से करीब 40 से 50 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गया।

### करनाल : पत्नी के सामने नहर में कूदे युवक का शव बरामद


**करनाल।** करनाल की पश्चिमी यमुना नहर पर शनिवार रात एक युवक ने पत्नी के सामने पुल से छलांग लगाकर जान दे दी। घटना उस समय हुई जब पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। युवक ने पत्नी को नहर किनारे बुलाया और देखते ही देखते पुल से नीचे कूद गया। अंधेरा अधिक होने के कारण युवक की तलाश अभियान सफल नहीं हो सका। रविवार को एसडीआरएफ की टीम नहर में सघन सर्च अभियान चलाया। कुछ समय बाद पुल के निकट से युवक का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की पहचान डबरकी गांव निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। जो इन दिनों कुंजपुरा की बसंती कॉलोनी में रह रहा था।

# नांगल चौधरी में तेंदुए की चहल कदमी, वायरल वीडियो से दहशत

- वन विभाग ने लगाया पिंजरा पथरीली जमीन पर पैरों के निशान स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी

दत्ताल गांव के आसपास तेंदुआ टहलने की वीडियो वायरल होने से गांव में भय का माहौल उत्पन्न हो गया। ग्रामीणों की शिकायत पर विभाग ने तीन दिन तक सर्च अभियान चलाया था, लेकिन पत्थरीली जमीन पगमार्क दिखाई नहीं दिए, जिस कारण तेंदुए तक पहुंचना संभव नहीं हो पाया। शनिवार की रात दूसरी वीडियो वायरल होने के बाद नांगल नूनिया, दत्ताल समेत नजदीकी गांवों में हड़कंप मच गया। वन्य जीव जंतु तथा फोरेस्ट विभाग के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। हाईवे के पास रेतीली जमीन पर पगमार्को की स्पष्ट पुष्टि होने के बाद विभाग ने झाड़ियों में पिंजरा रखा है। निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सरपंच जिलेसिंह, डॉ. विकास यादव नांगल नूनिया ने बताया कि शनिवार की रात करीब नौ बजे तेंदुए की वीडियो क्लिप वायरल हुई थी। जिसके अनुसार हाईवे की बाउंड्री वॉल को लांघकर पहाड़ की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया है।



नांगल चौधरी। हाइवे के पास टहलता हुआ तेंदुआ। फोटो : हरिभूमि

---

19 साल की बीएससी की छात्रा से दरिंदगी, मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली

# लिव-इन पार्टनर ने जमकर पीटा, पैरों पर चाकू मारे, बर्बरता का वीडियो भी बनाया

**ऑनलाइन एप से दोस्ती कर दिया शादी का झांसा चरित्र पर करता था शक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टॉर्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है। आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके साथ हैवानियत की। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ लगातार मारपीट करता आ रहा था। इसके बाद युवती ने किसी तरह अपनी मां को कॉल की। फिर मां ने लोकल पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी को धर दबोचा।



**सिर पर भी बोतल से हमला किया**

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि शिवम ने लिव-इन पार्टनर के पैरों पर चाकू से हमला किया। उसके साथ मारपीट की। उसके सिर पर स्टील की बोटल से हमला किया, सिर पकड़कर दीवार पर पटक दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि इस मामले में रेप और मारपीट की धाराएं पहले ही जोड़ी जा चुकी है।

**बेटी ने फोन कर कहा मुझे जान से मार देगा**

पीड़िता की मां के मुताबिक 16 फरवरी रात करीब 10 बजे बेटी का फोन आया था। उसने बताया था कि-मेरे पास समय नहीं है, मुझे मार दिया जाएगा। शिवम पिछले 3 दिनों से मुझे पीट रहा है, जलाया है, आज जान से मार देगा। पीड़िता की मां ने आगे बताया कि बेटी ने कॉल पर बताया कि शिवम ने उसे तीन दिनों तक कमरे में बंद रखा, उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया। इसके बाद मां ने पुलिस को फोन किया।

# टैक्सी चालक को गाली देने वाले वाले बस चालक को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल में रोडवेज की बस और एक टैक्सी चालक के बीच हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की है। विभाग ने ठेकेदार को निर्देश देकर चालक को ड्यूटी से हटा दिया है। मामला 12 फरवरी का बताया जा रहा है। आरोप है कि तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टैक्सी को कट मारा, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विरोध करने पर बस चालक ने टैक्सी चालक से अभद्र व्यवहार किया और धमकी दी। जानकारी के अनुसार पानीपत के नैन गांव निवासी विशाल दिल्ली से एक परिवार को लेकर पंजाब जा रहे थे। रास्ते में बस्ताड़ा टोल प्लाजा के निकट कुरुक्षेत्र डिपो की किलोमीटर स्कीम के तहत चल रही रोडवेज बस (नंबर एचआर 65जीवी 4493) ने उनकी अर्टिगा कार के आगे अचानक कट मार दिया। विशाल का कहना है कि बस की टक्कर से उनकी कार असंतुलित हो गई, हालांकि उन्होंने किसी तरह वाहन संभाल लिया। विशाल के मुताबिक जब उन्होंने बस को रुकवाकर चालक से बात करनी चाही तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि चालक ने जान से मारने की धमकी भी दी।

**बस चालक की अभद्रता का वीडियो हुई थी वायरल**

### 6.5 करोड़ ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस ने एक बड़े धोखाधड़ी के मामले का खुलासा किया है। जिसमें एक रिटायर्ड आर्मी कैप्टन संजय कुमार से निवेश व प्रॉपर्टी के नाम पर लगभग 6.5 करोड़ रुपये ठगे गए हैं। इस मामले में थाना शहर महेंद्रगढ़ में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने दो आरोपित मीरसिंह व आशुतोष निवासी सेहलंगा हाल आबाद कुराहवटा रोड महेंद्रगढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शिकायतकर्ता संजय कुमार निवासी शक्ति कॉलोनी महेंद्रगढ़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पड़ोसी मीरसिंह ने उसे बिजनेस में 10 से 13 प्रतिशत मासिक मुनाफे और प्रॉपर्टी देने का लालच देकर अपने जाल में फंसाया। मीरसिंह ने खुद को कई कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर पैसे निवेश करा लिए।

